विषय कोड :
Subject Code : **211**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**A**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2019 – (ANNUAL)
# SOCIAL SCIENCE
## सामाजिक विज्ञान

कुल प्रश्नों की संख्या: 71
**Total No. of Questions: 71**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
**Total No. of Printed Pages: 16**

(समय: 2 घंटे 45 मिनट)
[Time: 2 Hours 45 Minutes]

(पूर्णांक 80)
[Full Marks: 80]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश–*

***Instructions for the candidates:***

1. *परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*

   *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable*

2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*

   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*

3. *इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

   *15 Minutes of extra time has been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

4. *यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब ।*

   *This question paper is divided into two sections – __Section - A__ and __Section - B__.*

5. *खण्ड –अ में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*

   *In **Section – A**, there are **40 objective type questions** which are compulsory, each carrying **1 mark. Darken** the circle with blue/black ball pen against the correct option on **OMR Answer Sheet** provided to you. **Do not use Whitener/Liquid/Blade/Nail etc. on OMR Sheet; otherwise the result will be invalid.***

6. खण्ड – ब में सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत कुल 5 विषयों के 23 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है)

इतिहास में कुल 5 प्रश्न (Q.1 to Q.5) हैं जिसमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।

राजनीति विज्ञान में कुल 6 प्रश्न (Q.8 to Q.13) हैं जिसमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।

अर्थशास्त्र में कुल 3 प्रश्न (Q.16 to Q.18) हैं जिसमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।

भूगोल में कुल 5 प्रश्न (Q.21 to Q.25) हैं जिसमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।

आपदा प्रबंधन में कुल 4 प्रश्न (Q.28 to Q.31) हैं जिसमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।

इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q.6, Q.7, Q.14, Q.15, Q.19, Q.20, Q.26 and Q.27) दिये गये हैं (प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।) इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल से एक–एक प्रश्न का चयन करना अनिवार्य है।

In Section - B, there are 23 **short answer type questions of 5 subjects under Social Science** (each carrying **2 marks**) as below:

**History** has **5 questions (Q.1 to Q.5)**, out of which **any 3 questions** are to be answered.

**Political Science** has **6 questions (Q.8 to Q.13)**, out of which **any 2 questions** are to be answered.

**Economics** has **3 questions (Q.16 to Q.18)**, out of which **any 2 questions** are to be answered.

**Geography** has **5 questions (Q.21 to Q.25)**, out of which **any 3 questions** are to be answered.

**Disaster Management** has **4 questions (Q.28 to Q.31)**, out of which **any 2 questions** are to be answered.

Apart from this, there are **8 Long Answer Type questions** (Q.6, Q.7, Q.14, Q.15, Q.19, Q.20, Q.26 and Q.27). Each carrying **4 marks**. Out of eight questions answer 4 selecting one each from History, Political Science, Economics and Geography.

7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड –अ / SECTION – A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 40 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें।* *(40X1=40)*

***Question No. 1 to 40 have four options, out of which only one is correct. You have to mark, your selected option, on the OMR – Sheet.*** ***(40xl=40)***

***इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं आपदा प्रबंधन।***

***History, Geography, Political Science, Economics and Disaster Management.***

**1.** 'यंग यूरोप' का संस्थापक कौन था?

(A) मेजिनी (B) गैरीबाल्डी

(C) विक्टर इमानुएल (D) मुसोलिनी

Who was the founder of 'Young Europe'?

(A) Mazzini (B) Garibaldi

(C) Victor Emmanuel (D) Mussolini

**2.** 'यूरोप का मरीज' किसे कहा जाता था?

(A) तुर्की (B) इटली

(C) इंग्लैंड (D) फ्रांस

Who was the 'Sick man of Europe'?

(A) Turkey (B) Italy

(C) England (D) France

**3.** कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) जर्मनी (B) इंग्लैंड

(C) फ्रांस (D) पोलैंड

Where was Karl Marx born?

(A) Germany (B) England

(C) France (D) Poland

4. गाँधी जी ने साबरमती आश्रम की स्थापना किस वर्ष की?

(A) 1895 (B) 1900

(C) 1915 (D) 1916

In which year did Gandhi ji establish the Sabarmati Ashram?

(A) 1895 (B) 1900

(C) 1915 (D) 1916

5. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की?

(A) राजा राममोहन राय (B) दयानंद सरस्वती

(C) विवेकानंद (D) रामकृष्ण परमहंस

Who founded the Brahmo Samaj?

(A) Raja Ram Mohan Roy (B) Dayanand Saraswati

(C) Vivekananda (D) Ramakrishna Paramhansa

6. सेफ्टी लैम्प का अविष्कार किसने किया था?

(A) क्रॉम्पटन (B) जेम्स हारग्रीव्स

(C) हंफ्री डेवी (D) जॉन के

Who invented safety lamp?

(A) Crompton (B) James Hargreaves

(C) Humphry Davy (D) John K

7. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई?

(A) 1917 (B) 1919

(C) 1921 (D) 1923

In which year the International Labour Organization was established?

(A) 1917 (B) 1919

(C) 1921 (D) 1923

8. पटना में गोलघर किस उद्देश्य से बनाया गया था?

(A) सैनिक रखने के लिए (B) अस्त्र – शस्त्र रखने के लिए

(C) अनाज रखने के लिए (D) पूजा करने के लिए

The purpose to built Golghar in Patna was-

(A) To keep the soldiers (B) To keep the Arms and ammunitions

(C) To keep grains (D) To worship

9. कागज का अविष्कार किस देश में हुआ?

(A) चीन (B) जर्मनी
(C) जापान (D) रोम

In which country the invention of paper took place?

(A) China (B) Germany
(C) Japan (D) Rome

10. 'हिन्दुस्तान रिव्यू' का प्रकाशन किसने आरम्भ किया?

(A) रामकृष्ण वर्मा (B) श्री कृष्ण सिंह
(C) मजहरुल हक (D) सच्चिदानंद सिन्हा

Who started the publication of the 'Hindustan Review'?

(A) Ramakrishna Varma (B) Sri Krishna Singh
(C) Mazharul Haque (D) Sachidanand Sinha

11. काली मिट्टी उपयुक्त है –

(A) कपास के लिए (B) लीची के लिए
(C) गेहूँ के लिए (D) बाजरा के लिए

Black soil is suitable for -

(A) Cotton (B) Litchi
(C) Wheat (D) Millet

12. सर्वाधिक वर्षा होती है –

(A) पूर्णिया में (B) चेरापूंजी में
(C) कोच्चि में (D) मावसिनराम में

Highest rainfall occurs in -

(A) Purnia (B) Cherrapunji
(C) Kochi (D) Mawsynram

13. पीतल बनाया जाता है –

(A) ताँबे से (B) जस्ते से
(C) ताँबा और जस्ता दोनों से (D) ताँबा, जस्ता और टिन से

Brass is made of -

(A) Copper (B) Zinc
(C) Copper and Zinc (D) Copper, Zinc and Tin

14. इनमें से कौन सी प्राथमिक ऊर्जा नहीं है?
(A) प्राकृतिक गैस
(B) पेट्रोलियम
(C) विद्युत
(D) कोयला

Which of these is not the primary energy?
(A) Natural gas
(B) Petroleum
(C) Electricity
(D) Coal

15. नेपानगर प्रसिद्ध है –
(A) चीनी के लिए
(B) सीमेंट के लिए
(C) अखबारी कागज़ के लिए
(D) सूती कपड़ों के लिए

Nepanagar is famous for -
(A) Sugar
(B) Cement
(C) News print paper
(D) Cotton textiles

16. दाल किस पौष्टिक अंश का स्त्रोत है?
(A) कार्बोहाइड्रेट
(B) प्रोटीन
(C) विटामिन D
(D) वसा

Pulse is the source of which nutrition?
(A) Carbohydrate
(B) Protein
(C) Vitamin D
(D) Fat

17. निम्नलिखित में से कौन सा उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है?
(A) सूती वस्त्र
(B) सीमेंट
(C) चीनी
(D) जूट

Which industry in not based on agriculture?
(A) Cotton cloth
(B) Cement
(C) Sugar
(D) Jute

18. इनमें से कौन सा सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है?
(A) राजमार्ग संख्या – 2
(B) राजमार्ग संख्या – 3
(C) राजमार्ग संख्या – 5
(D) राजमार्ग संख्या – 7

Which among these is the longest National Highway?
(A) Highway no. 2
(B) Highway no. 3
(C) Highway no. 5
(D) Highway no. 7

19. भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह है –

(A) मुंबई (B) चेन्नई

(C) कोलकाता (D) कांडला

The biggest port of India is -

(A) Mumbai (B) Chennai

(C) Kolkata (D) Kandla

20. मन्दार हिल किस जिले में स्थित है?

(A) मुंगेर (B) भागलपुर

(C) बांका (D) बक्सर

Mandar Hill is situated in which district?

(A) Munger (B) Bhagalpur

(C) Banka (D) Buxar

21. 16 वीं लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या कितनी है?

(A) 61 (B) 63

(C) 65 (D) 67

How many women members are in the 16th Lok Sabha?

(A) 61 (B) 63

(C) 65 (D) 67

22. झारखंड राज्य का गठन कब हुआ था?

(A) 1 नवम्बर 2000 (B) 9 नवम्बर 2000

(C) 15 नवम्बर 2000 (D) 15 नवम्बर 2001

When was Jharkhand state formed -

(A) 1 November 2000 (B) 9 November 2000

(C) 15 November 2000 (D) 15 November 2001

23. 1977 की लोकसभा के चुनाव में किस दल को स्पष्ट बहुमत मिला?

(A) भारतीय जनता पार्टी (B) जनता पार्टी

(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (D) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

Which party got a clear majority in the 1977 Lok Sabha election?

(A) Bhartiya Janta Party (B) Janta Party

(C) Bhartiya Rashtriya Congress (D) Bhartiya Communist Party

24. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?

(A) 1885 (B) 1890

(C) 1895 (D) 1900

When was the Indian National Congress established?

(A) 1885 (B) 1890

(C) 1895 (D) 1900

25. सोलहवीं लोकसभा का चुनाव किस वर्ष हुआ?

(A) 2012 (B) 2013

(C) 2014 (D) 2015

In which year the election of the 16th Lok Sabha was held?

(A) 2012 (B) 2013

(C) 2014 (D) 2015

26. ग्राम कचहरी का प्रधान कौन होता है?

(A) पंच (B) सरपंच

(C) प्रमुख (D) न्यायमित्र

Who is the head of the village kutchery?

(A) Panch (B) Sarpanch

(C) Pramukh (D) Justice friend

27. भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह क्या है?

(A) हाथ का पंजा (B) कमल का फूल

(C) गेंदा का फूल (D) चक्र

What is the election symbol of the Bhartiya Janta party?

(A) Hand paw (B) Lotus flower

(C) Marigold (D) Wheel

28. "लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है।" यह कथन किसका है?

(A) अरस्तू (B) जार्ज वाशिंगटन

(C) अब्राहम लिंकन (D) लार्ड ब्राइस

"Democracy is of the people, for the people and by the people." Whose statement is this?

(A) Aristotle (B) George Washington

(C) Abraham Lincoln (D) Lord Bryce

29. लिच्छवि गणतंत्र भारत के किस राज्य में अवस्थित था?

(A) बिहार (B) राजस्थान

(C) महाराष्ट्र (D) त्रिपुरा

The Lichchhavi Republic was located in which state of India?

(A) Bihar (B) Rajasthan

(C) Maharashtra (D) Tripura

30. नरेगा के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को साल में कम से कम कितने दिनों के लिए रोजगार देने की व्यवस्था है?

(A) 100 दिनों के लिए (B) 125 दिनों के लिए

(C) 150 दिनों के लिए (D) 200 दिनों के लिए

Under NREGA, what is the provision of minimum number of days of employment for rural laborers in a year?

(A) For 100 days (B) For 125 days

(C) For 150 days (D) For 200 days

31. भारत में योजना आयोग का गठन कब किया गया था?

(A) 15 मार्च 1950 (B) 15 सितम्बर 1950

(C) 15 अक्टूबर 1951 (D) इनमें से कोई नहीं

When the Planning Commission was established in India?

(A) 15 March 1950 (B) 15 September 1950

(C) 15 October 1951 (D) None of these

32. भारत में कितने राष्ट्रीयकृत बैंक हैं?

(A) 14 (B) 19

(C) 20 (D) 27

How many Nationalized banks are there in India?

(A) 14 (B) 19

(C) 20 (D) 27

33. नोबेल पुरस्कार से सम्मानित बांग्लादेशी अर्थशास्त्री हैं –

(A) प्रो. इकबाल युनुस (B) मो. इकबाल युनुस

(C) प्रो. मो. युनुस (D) मो. शफीक युनुस

Bangladeshi economist honoured with Nobel Prize is-

(A) Prof. Iqbal Yunus (B) Md. Iqbal Yunus

(C) Prof. Md. Yunus (D) Md. Shafik Yunus

34. मानव पूंजी के प्रमुख घटक है –

(A) ज्ञान (B) कौशल

(C) अनुभव (D) इनमें से सभी

What are the key components of human capital?

(A) Knowledge (B) Skill

(C) Experience (D) All of these

35. भारत सरकार ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम' कब पारित किया?

(A) 2004 (B) 2005

(C) 2006 (D) 2007

When the government of India passed the 'Right to Information Act'?

(A) 2004 (B) 2005

(C) 2006 (D) 2007

36. जवाहर रोजगार योजना लागू हुई –

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

Jawahar Rozgar yojana was implemented in -

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

37. निम्न में से कौन विदेशी ब्रांड नहीं है?

(A) हुंडई (B) टोयोटा

(C) फोर्ड (D) टाटा

Which of the following is not foreign brand?

(A) Hyundai (B) Toyota

(C) Ford (D) TATA

38. विश्व – व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना कब हुई?

(A) 1992 (B) 1993

(C) 1994 (D) 1995

When the world Trade Organization was founded -

(A) 1992 (B) 1993

(C) 1994 (D) 1995

39. इनमें से कौन सी प्राकृतिक आपदा नहीं है?

(A) आतंकवाद (B) सुनामी

(C) बाढ़ (D) भूकम्प

Which of these is not a natural disaster?

(A) Terrorism (B) Tsunami

(C) Flood (D) Earthquake

40. भारत में अत्यन्त विनाशकारी भूकम्प आया था –

(A) 1934 में (B) 1945 में

(C) 1967 में (D) 1990 में

The most devastating earthquake in India occurred in -

(A) 1934 (B) 1945

(C) 1967 (D) 1990

## खण्ड –ब / SECTION – B

## गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Non - Objective Type Questions

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

### इतिहास / History

*प्रश्न संख्या 1 से 5 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।* *(3×2=6)*

*Question No. 1 to 5 is short answer type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *(3×2=6)*

1. अक्टूबर क्रांति से आप क्या समझते हैं? **(2)**

   What do you mean by October Revolution?

2. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का क्या परिणाम हुआ? **(2)**

   What was the result of the Civil Disobedience Movement?

3. प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं दो कारणों का वर्णन करें। **(2)**

   Describe any two causes of the First World War.

4. विश्व बाजार किसे कहते हैं? **(2)**

   What is world market?

5. पाण्डुलिपि क्या है? इसकी क्या उपयोगिता है? **(2)**

   What is manuscript? What is its utility?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 6 और 7 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें।* *(4×1=4)*

*Questions No. 6 and 7 are Long Answer Type questions. Answer any one of the following.* *(4×1=4)*

6. लेनिन के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालें। **(4)**

   Throw light on the life and achievements of Lenin.

7. भारतीय प्रेस की विशेषताओं को लिखें। **(4)**

   Write the characteristics of the Indian press.

## राजनीति विज्ञान / Political Science

*प्रश्न संख्या 8 से 13 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।* *(2x2=4)*

***Question No. 8 to 13 is short answer type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.*** *(2×2=4)*

8. साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने के लिए आप क्या करेंगे? (2)

   What will you do to promote communal harmony?

9. चिपको आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य क्या है? (2)

   What are the main objectives of Chipko Movement?

10. भारतीय लोकतंत्र की किन्हीं चार समस्याओं का वर्णन करें। (2)

    Describe four problems of Indian Democracy.

11. धर्म निरपेक्ष राज्य किसे कहते हैं? (2)

    What is secular state?

12. समवर्ती सूची क्या है? (2)

    What is concurrent list?

13. राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के दो सुझाव दें। (2)

    Suggest two measures to make political parties more effective.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 14 और 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें।* *(4x1=4)*

***Questions No. 14 and 15 are Long Answer Type questions. Answer any one of the following.*** *(4×1=4)*

14. साम्प्रदायिकता के किन्हीं चार कारणों को लिखें। (4)

    Write any four causes of Communalism.

15. राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्य बताएँ। (4)

    Write main functions of Political Parties.

## अर्थशास्त्र / Economics

*प्रश्न संख्या 16 से 18 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।* *(2x2=4)*

***Question No. 16 to 18 is short answer type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.*** ***(2×2=4)***

16. आर्थिक आधारभूत संरचना का क्या महत्व है? **(2)**

What is the importance of economic infrastructure?

17. सहकारिता से आप क्या समझते हैं? **(2)**

What do you mean by cooperative?

18. उपभोक्ताओं के शोषण के कौन – कौन से तरीके हैं? **(2)**

What are the different ways by which consumers get exploited?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 19 और 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें।* *(4x1=4)*

***Questions No. 19 and 20 are Long Answer Type questions. Answer any one of the following.*** ***(4×1=4)***

19. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के क्या कारण हैं? **(4)**

What are the reasons for economic backwardness of Bihar? .

20. वैश्वीकरण से बिहार पर पड़े प्रभावों को समझायें। **(4)**

Explain the effects of globalization on Bihar.

## भूगोल / Geography

*प्रश्न संख्या 21 से 25 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।* *(3×2=6)*

***Question No. 21 to 25 is short answer type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.*** ***(3×2=6)***

**21.** प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? **(2)**

Why is the preservation of natural resources necessary?

**22.** कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र क्यों प्रसिद्ध है? **(2)**

Why is Maharashtra famous for the production of cotton?

**23.** पेट्रोलियम का महत्व कोयले से अधिक क्यों है? **(2)**

Why is petroleum more important than coal?

**24.** उद्योगों से प्रदूषण कैसे फैलता है? **(2)**

How does pollution spread from industries?

**25.** भारत के लिए जलमार्ग का क्या महत्व है? **(2)**

What is the importance of water ways for India?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 26 और 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें।* *(4×1=4)*

***Questions No. 26 and 27 are Long Answer Type questions. Answer any one of the following.*** ***(4×1=4)***

**26.** अर्थव्यवस्था पर खनन – कार्य के प्रभावों का वर्णन करें। **(4)**

Describe the effects of mining activity on the economy.

**27.** भारतीय रेल परिवहन की विशेषताओं का वर्णन करें। **(4)**

Describe the characteristics of Indian Rail Transport.

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

*प्रश्न संख्या 28 से 31 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।* *(2x2=4)*

***Question No. 28 to 31 is short answer type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.*** ***(2×2=4)***

28. आपदा से आप क्या समझते हैं? **(2)**

What do you mean by Disaster?

29. बाढ़ से होने वाली हानियों की विवेचना कीजिए। **(2)**

Discuss the damages caused by flood.

30. भूकम्प से बचाव के किन्हीं दो उपायों का उल्लेख करें। **(2)**

Mention any two measures for safety from earthquake.

31. सुनामी से बचाव के उपायों का उल्लेख करें। **(2)**

Mention the measure for safety from Tsunami.